Padma Shri

DR. JAGDISH TRIVEDI

Dr. Jagdish Trivedi is an International Humourist, Author, Poet, Actor, Philosopher, and Philanthropist who has been serving mankind for the past 35 years through his artistic endeavours.

2. Born on 12th October, 1967, in a small village in the Surendranagar district of Gujarat, Dr. Trivedi completed his schooling in Limbdi and graduated from Saurashtra University. He achieved three doctorates from reputable universities. Two research scholars have earned their doctorates on Dr. Jagdish Trivedi's literature. The Gujarat and Maharashtra Text Book Boards have included his essays in their curriculum respectively.

3. Dr. Trivedi's performances and writings have played a significant role on a global scale in preserving and cultivating Indianness and culture among the Indian diaspora worldwide. Having performed in 28 countries across the world, Dr. Trivedi has made significant contributions to the field of the arts, allowing millions of people to benefit from rich cultural heritage, moral values, and entertainment through his 3100 shows, 78 books, 100+ CDs, VCDs & DVDs, columns in various national and international newspapers and magazines, and 450+ videos. He has also supported Government awareness campaigns through his oratory, building awareness on *'Beti Vadhavo,'* awareness against 'Swine Flu,' and *'Covid'* by performing 360 shows and 150 videos.

4. Upon reaching the age of 50, Dr. Trivedi pledged to donate 100% of his income from Comedy Shows, especially for the education and medical facilities of the needy masses, without any administration charge. In his pledge, he committed to donating Rs 11 crores over 25 years. Within 6.5 years, he has already donated Rs. 9.5 crores. As part of his philanthropic journey, he has built and donated 11 school buildings to the Government of Gujarat, 7 public libraries, and 1 child malnutrition center, in addition to contributions to several hospitals and individuals. The Hon'ble Prime Minister of India has applauded him for his contributions in 108th episode of his radio talk, *Maan Ki Baat*.

5. Dr. Trivedi has been awarded with Gujarat Garima Award and Sanskar Bharti Award by Hon'ble Governor of Gujarat and Gujarat Gaurav Purashkar by Hon'ble Chief Minister of Gujarat. Additionally, six of his books have been awarded by the Gujarat Sahitya Academy, and one book by the Gujarati Sahitya Parishad.

डॉ. जगदीश त्रिवेदी

डॉ. जगदीश त्रिवेदी एक अंतरराष्ट्रीय हास्य कलाकार, लेखक, कवि, अभिनेता, दार्शनिक और समाजसेवी हैं जो अपनी कला के माध्यम से पिछले 35 वर्षों से मानव सेवा कर रहे हैं।

2. 12 अक्टूबर, 1967 को गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के एक छोटे से गांव में जन्मे, डॉ. त्रिवेदी ने अपनी स्कूली शिक्षा लिंबडी में पूरी की और सौराष्ट्र विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से तीन डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। दो शोधार्थियों ने डॉ. जगदीश त्रिवेदी के साहित्य पर डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की है। गुजरात और महाराष्ट्र पाठ्य पुस्तक बोर्ड ने उनके निबंधों को अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया है।

3. डॉ. त्रिवेदी के कार्य और लेखन ने दुनिया भर के भारतीय प्रवासियों के बीच भारतीयता और संस्कृति को संरक्षित और विकसित करने में विश्व स्तर पर एक अहम भूमिका निभाई है। दुनिया भर के 28 देशों में परफॉर्म कर चुके डॉ. त्रिवेदी ने अपने 3100 शो, 78 किताबों, 100 से अधिक सीडी, वीसीडी और डीवीडी, विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय अखबारों और पत्रिकाओं में कॉलम, और 450 से अधिक वीडियो के जरिए लाखों लोगों को समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, नैतिक मूल्यों और मनोरंजन से लाभान्वित करते हुए कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अपनी भाषण कला के माध्यम से सरकारी जागरूकता अभियानों में भी मदद की है और 360 शो तथा 150 वीडियो के जरिए 'बेटी बढ़ाओ' पर जागरूकता पैदा करने, 'स्वाइन फ्लू' और 'कोविड' के खिलाफ जागरूकता पैदा करने का काम किया है।

4. 50 वर्ष के होने पर, डॉ. त्रिवेदी ने कॉमेडी शो से अपनी आय का 100 प्रतिशत, खास तौर पर जरूरतमंद लोगों की शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं के लिए, बिना किसी प्रशासन शुल्क के दान करने की शपथ ली। अपनी शपथ के तौर पर, उन्होंने 25 वर्षों में 11 करोड़ रुपये दान करने की प्रतिबद्धता जताई। 6.5 साल में, वह 9.5 करोड़ रुपये दान कर चुके हैं। परोपकार की अपनी यात्रा में, कई अस्पतालों और व्यक्तियों को योगदान देने के अलावा, उन्होंने 11 स्कूली इमारतें, 7 सार्वजनिक पुस्तकालय और 1 बाल कुपोषण केंद्र का निर्माण किया है और उन्हें गुजरात सरकार को दान किया है। भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने अपनी रेडियो वार्ता, मन की बात के 108वें एपिसोड में उनके योगदान के लिए उनकी सराहना की है।

5. डॉ. त्रिवेदी को गुजरात के माननीय राज्यपाल द्वारा गुजरात गरिमा पुरस्कार और संस्कार भारती पुरस्कार और गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा गुजरात गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा, उनकी छह पुस्तकों को गुजरात साहित्य अकादमी और एक पुस्तक को गुजराती साहित्य परिषद द्वारा पुरस्कृत किया गया है।